delhi_Page 1 and 2 14/04/2015 09:37 Page 6





**चितौड़गढ़।** 79वीं शिवजयंती कार्यक्रम में पूर्व कुलपति के.सी. शर्मा को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. बिनीता।



**कुरारा-हमीरपुर(उ.प्र.)।** महाशिवरात्रि कार्यक्रम का उद्‌घाटन करते हुए थाना अध्यक्ष राकेश सरोज, ब्र.कु. पुष्पा, ब्र.कु. सरोज व अन्य।



**कमालगंज-उ.प्र.।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवलिंग पर माल्यार्पण करते हुए चेयरमैन राजबेटी संखवार व ब्र.कु. उषा।



**जोधपुर-शंकर नगर।** शिव जयंती के अवसर पर केक काटते हुए पार्षद राधा शुक्ला, ब्र.कु. शील, ब्र.कु. शुची व ब्र.कु. जयलक्ष्मी।



**पदिअवहल-ओडिशा।** विधायक रोहित पुजानी को ज्ञानचर्चा के पश्चात् ईश्वरीय सेवाओं से अवगत कराते हुए ब्र.कु. बिन्दु।



**पटियाला-पंजाब।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ज्युडिशियल मजिस्ट्रेट कपिल अग्रवाल व लेक्चरार रजनी भार्गव को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. शान्ता।

# आगामी कार्यक्रम

### धार्मिक प्रभाग

ब्रह्माकुमारीज़ के धार्मिक प्रभाग द्वारा ज्ञानसरोवर में 7 से 11 अगस्त 2015 तक 'परमात्म शक्ति द्वारा महापरिवर्तन' विषय पर सम्मेलन का आयोजन किया गया है। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें – हेडक्वार्टर कोऑर्डिनेटर ब्र.कु.रामनाथ। मो. - 9414150854, 9982927175
Email :- abuconf@gamil.com
bkreligiouswing@gmail.com

### समाज सेवा प्रभाग

ब्रह्माकुमारीज़ समाज सेवा प्रभाग के द्वारा ज्ञानसरोवर माउण्ट आबू में 19 से 23 जून 2015 तक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें – ब्र.कु. अवतार हेडक्वार्टर कोऑर्डिनेटर,समाज सेवा प्रभाग
Email :- socialwing@bkivv.org

### युवा प्रभाग

ब्रह्माकुमारीज़ के युवा प्रभाग द्वारा सेमिनार का आयोजन 15 से 19 मई 2015 तक ज्ञानसरोवर में किया गया है। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें –. फोन –079-26460944, 26444415
Email :- youthwing@bkivv.org
bkyouthwing@gmail.com

### मीडिया प्रभाग

ब्रह्माकुमारीज़ के मीडिया प्रभाग द्वारा 'नेशनल मीडिया कॉन्फ्रेन्स एण्ड रिट्रीट' का आयोजन ज्ञान सरोवर में 5 से 8 जून 2015 तक किया गया है। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें – मो.न.- 9414156615, 9928756615
Email :- mediawing.org
mediawing@gmail.com

### शिक्षा प्रभाग

मूल्य व आध्यात्मिक शिक्षा द्वारा 'स्वच्छ भारत का पुनर्निर्माण' विषय पर अखिल भारतीय उच्च माध्यमिक शिक्षकों के महासम्मेलन का आयोजन शांतिवन में 19 से 23 मई 2015 तक किया गया है। इससे सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें – ब्र.कु. मृत्युंजय,उपाध्यक्ष, शिक्षा प्रभाग, ब्रह्माकुमारीज़,वैल्यू एज्युकेशन सेंटर, आनन्द भवन,शांतिवन, आबूरोड, राज. - 307510
Email-educationwing@bkivv.org

### ऑल इण्डिया पर्सनैलिटी डेवलपमेंट

ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा 'ऑल इण्डिया चिल्ड्रेन पर्सनैलिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम' का आयोजन शांतिवन में 20 से 26 मई 2015 तक किया गया है। इससे सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें –
Email :- bkjagat@gmail.com

### साइंटिस्ट एवं इंजीनियरिंग प्रभाग

ब्रह्माकुमारीज़ के साइंटिस्ट एवं इंजीनियरिंग प्रभाग द्वारा 'लाइफ बैलेन्स लाइफ ब्युटीफुल' विषय पर कॉन्फ्रेन्स कम मेडिटेशन रिट्रीट का आयोजन 22 से 26 मई 2015 तक ज्ञान सरोवर में किया गया है। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें – 02974-238788
Email :- bksew@bkivv.org

### सुरक्षा प्रभाग

ब्रह्माकुमारीज़ राजयोग प्रशिक्षण एवं शोध प्रतिष्ठान के सुरक्षा प्रभाग द्वारा 'स्वशक्तिकरण' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन ज्ञान सरोवर में 17 से 21 अप्रैल 2015 तक किया गया है। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें – मो.न. - 9414006888,09414330967
Email :- ssw.rerf@gmail.com

### राजनैतिक प्रभाग

ब्रह्माकुमारीज़ के राजकीय प्रभाग द्वारा 'इन्स्पिरेशनल लीडरशिप' पर राष्ट्रीय संवाद का आयोजन ज्ञान सरोवर में 18 से 21 अप्रैल 2015 तक किया गया है। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें – मो.न. - 9414006888,09414330967
Email :- ssw.rerf@gmail.com

### ग्राम विकास प्रभाग

ब्रह्माकुमारीज़ के ग्राम विकास प्रभाग द्वारा 'आध्यात्मिकता द्वारा स्वच्छ-स्वर्णिम-सशक्त भारत परिचर्चा एवं राजयोग रिट्रीट' का आयोजन 12 से 16 जून, 2015 तक ज्ञान सरोवर में किया गया है। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें– ब्र.कु. राजू,मुख्यालय संयोजक। फोन :- 02974-237059,
Email:-ruralwing@gmail.com
mehsana@bkivv.org

### महिला प्रभाग

ब्रह्माकुमारीज़ महिला प्रभाग के द्वारा 'परिवर्तन के लिये नारी की भूमिका' सम्मेलन एवं राजयोग शिविर का आयोजन 26 से 30 जून 2015 तक ज्ञान सरोवर में किया गया है। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें– मुख्यालय संयोजिका ब्र.कु. सविता- 9414155345 अध्यक्षा ब्र.कु. चक्रधारी - 09958885544,011-23841877 ,
shaktinagar.del@bkivv.org,
womenwing@bkivv.org

### प्रशासक प्रभाग

ब्रह्माकुमारीज़ प्रशासक सेवा प्रभाग की ओर से 'इन्टेग्रिटी बेनेवोलेंस एण्ड मेडिटेशन फॉर गुड गवर्नेंस' विषय पर कॉन्फ्रेन्स का आयोजन 3 से 7 जुलाई 2015 तक ज्ञान सरोवर में किया गया है। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - ब्र.कु. हरीश, मुख्यालय संयोजक M - 9414154847
administratorswing@bkivv.org

### न्यायविद प्रभाग

ब्रह्माकुमारीज़ न्यायविद प्रभाग की ओर से 'रिवाइसिटिंग लॉ एण्ड सीरिचुअलिटी द स्टा-निंग कनवर्जेंस' विषय पर कॉन्फ्रेन्स का आयोजन ज्ञानसरोवर में 29 मई से 2 जून 2015 तक किया गया है। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें – ब्र.कु लता, मो. न. 91–9414154670, 9414154671
Email - bklata011@gmail.com,

### डब्ल्यू सी सी पी सी आई

10वें वर्ल्ड कांग्रेस ऑन क्लीनिकल, प्रेवेंटिव कार्डियोलॉजी एण्ड इमेजिंग कॉन्फ्रेन्स का आयोजन शांतिवन, आबू रोड में 3 से 6 सि-तम्बर 2015 तक किया गया है। अधिक जा-नकारी के लिए संपर्क करें – डॉ. सतीश गुप्ता,मो.- 09785098534, 8559835861, फोन – 2974-228880
ई.मेल – 3dhealthcare@gmail.com

## मन का मौन ... – पेज 8 का शेष..

तो ब्रेक भी होता है, तो वह एक्सीलेटर जो है वह जैसे मुख के बोल हैं और ब्रेक मुख का मौन है, अर्थात् जहां नहीं बोलना चाहिए वहां मौन रूपी ब्रेक का इस्तेमाल करना फायदेमंद सिद्ध होता है। मौन से हमारा चित्त शुद्ध तथा शांत रहता है। मौन हमें सहिष्णुता, क्षमा एवं अनुशासन सिखाता है। मौन से हम अंदर की गहराई में जाकर स्थायी सुख-शान्ति प्राप्त कर सकते हैं, क्योंकि मौन मनुष्य के मस्तिष्क के सभी स्नायुओं एवं इंद्रियों को संयमित रखता है, वह अपनी आत्मा को कई संतापों से बचाता है। मौन में रहकर ही हम जीवन जगत के गूढ़ और सत्य पहलुओं का साक्षात्कार कर सकते हैं। धर्म हो, अध्यात्म हो, विज्ञान हो, कला हो या संस्कृति हो, सभी नूतन एवं दिव्य भावों-विचारों और दर्शनों का अवतरण और आविष्कार एकांत और नीरज मौन में ही संभव हुआ है। जिस उत्तम धारणा से इतने उत्तम लाभ प्राप्त होते हों तो क्यों न हम उसको अपने जीवन का अंग बना लें! तो आओ, मौन के इस लाभकारी व्रत को रख अपने जीवन की सभी तृष्णाओं व कामनाओं पर विजय पाएं और खरा सोना बनकर निखरें।

## जीवन बहुत ही... - पेज 4 का शेष

अद्वितीय भूमिका निभा रहे हैं, इसलिए हमें दोनों स्थितियों में (सुखद व दु:खद) समान रूप से अपनी भूमिका निभानी है और हर एक की भूमिका को साक्षी होकर देखना है, क्योंकि इस सृष्टि रूपी रंगमंच पर सब कुछ पूर्व निर्धारित है, इसलिए हर प्रकार की स्थिति में संतुलन बनाए रखना हमारे लिए अनिवार्य है, अन्यथा हम अपने द्वारा स्वसर्जित वाग्जाल में फंसकर अपना ही नुकसान कर बैठेंगे। पर क्या सभी परिस्थितियों के बीच रहकर संतुलन बनाए रखना इतना आसान है? अवश्य!! उसके लिए हमें पूरी तरह से अपनी बुद्धि को उन्हें समर्पित कर देना है जो सर्वोच्च है और जो पूरे ब्रह्मांड का पालनकर्ता है। ऐसा करने से हम सब प्रकार के व्यर्थ एवं नकारात्मक विचारों और ऊर्जा से मुक्त हो जायेंगे और उस सर्वोच्च सत्ता की असीम शक्तियों को महसूस कर पाएंगे। तो याद रखें हमारा जीवन बहुत ही छोटा है, अत: यदि हम केवल सकल स्तर पर उपलब्ध जानकारियों को संचित करने में ही व्यस्त हो जायेंगे तो हम शांति पाने के सूक्ष्म अनुभवों को अवशोषित करने में सक्षम नहीं हो पाएंगे। तो आइए आज से हम अपने जीवन में सम्पूर्ण आनंद एवं खुशी का अनुभव करने के लिए हर क्षण का सदुपयोग करने का प्रण लें।